# जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर।

## विज्ञप्ति

माननीय जनपद न्यायाधीश, बुलन्दशहर द्वारा पारित आदेश दिनांकित 29.10.2025 के अनुक्रम में गठित समिति द्वारा जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भर्ती किये जाने हेतु रिपोर्ट दिनांकित 11.11.2025 प्रस्तुत की गयी है, जिसे माननीय जनपद न्यायाधीश, बुलन्दशहर द्वारा स्वीकृत किया गया है। जिसके अनुक्रम में जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर में सेवानिवृत कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति हेतु निम्नांकित प्रतिबंधों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

1. उक्त सेवानिवृत जिला न्यायालय के कर्मचारियों की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. एतद्वारा पुनर्नियुक्ति किसी रिक्त पद पर एक बार में एक वर्ष तक के लिए की जा सकेगी, अथवा जब तक कि वास्तविक रिक्ति को भरने के लिए, पदोन्नित या सीधी भर्ती के माध्यम से, रिक्ति पूर्ति न हो जाये, अथवा पुनर्नियुक्ति कर्मचारी 65 वर्ष की आयु प्राप्त न कर ले, जो भी पहले होगा।
3. उक्त पुनर्नियुक्ति पद पर परिलब्धियों के रूप में भुगतान राशि निम्न तालिका में पदनाम के सम्मुख अंकित राशि के अनुसार देय होगी।
4. उक्त पुनर्नियुक्ति का निर्धारण आवेदक / सेवानिवृत्त कर्मचारी के भूतकाल के सेवा अभिलेखों एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियों के आधार पर किया जायेगा।

आवेदक अपना आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप पर भरकर दिनांक 21.11.2025 की सांय 04:30 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर से किसी भी कार्यदिवस में कार्यावधि के दौरान प्राप्त कर सकते हैं।

उपरोक्त सेवानिवृत कर्मचारियों की भर्ती हेतु पदनाम , रिक्त पदों की संख्या , वेतनमान/पारिश्रमिक प्रतिमाह निम्नवत् है–

| क्र. सं. | पदनाम | कुल रिक्त पदों की संख्या | देय वेतनमान/ पारिश्रमिक प्रतिमाह | भर्ती का माध्यम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वैयक्तिक सहायक | 3 | 28,800/– | सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से आउटसोर्सिंग द्वारा अथवा सेवानिवृत्त कर्मियों से भरा जाएगा। |
| 2. | रीडर | 3 | 24,200/– | सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से आउटसोर्सिंग द्वारा अथवा सेवानिवृत्त कर्मियों से भरा जाएगा। |
| 3. | मुंसरिम | 2 | 24,200/– | सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से आउटसोर्सिंग द्वारा अथवा सेवानिवृत्त कर्मियों से भरा जाएगा। |
| 4. | सूट क्लर्क | 2 | 21,150/– | सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से आउटसोर्सिंग द्वारा अथवा सेवानिवृत्त कर्मियों से भरा जाएगा। |
| 5. | मिसलेनियम क्लर्क | 3 | 21,150/– | सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से आउटसोर्सिंग द्वारा अथवा सेवानिवृत्त कर्मियों से भरा जाएगा। |
| 6. | अर्दली/चपरासी | 6 | 15,000/– | सेवा प्रदाता एजेन्सी के माध्यम से आउटसोर्सिंग द्वारा अथवा सेवानिवृत्त कर्मियों से भरा जाएगा। |
| **कुल पद** | | **19** | – | – |

उपरोक्त पदों पर जो सेवानिवृत कर्मचारीगण एप्लाई करेंगे और जो आवेदक जेम पोर्टल से कम्पनी के माध्यम से आयेंगे, उनमें से जो आवेदक उपरोक्त परीक्षा में उत्तीर्ण होंगे, उनके साथ सेवानिवृत कर्मचारियों का साक्षात्कार लिया जायेगा। साक्षात्कार में उपस्थित आवेदकों का चयन साक्षात्कार की मेरिट के आधार पर होगा व इसके उपरान्त उनका चयन दस्तावेज सत्यापन, पुलिस सत्यापन व मेडिकल के अधीन होगा।

सम्पूर्ण प्रक्रिया में माननीय जनपद न्यायाधीश, बुलन्दशहर का निर्णय अन्तिम माना जायेगा।

उक्त विज्ञप्ति व आवेदन-पत्र का प्रारूप समस्त न्यायालय कर्मचारियों के मध्य परिचालित करायी जाये। सार्वजनिक प्रकाशन हेतु न्यायालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये, एक प्रति माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट पर भी अपलोड करायी जाये।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, बुलन्दशहर को समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

11/11/25

**(चन्द्र विजय श्रीनेत)**
अध्यक्ष, चयन समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश,
न्याय कक्ष सं०8, बुलन्दशहर।
11.11.2025

Approved

Sanjay Singh-I
District Judge
Bulandshahr

# जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर में रिक्त विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु
## <u>सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा आवेदन–पत्र</u>

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ

1. नाम कर्मचारी :-

2. पिता का नाम :-

3. स्थानीय आवास का पता :-

4. मोबाइल नंम्बर एवं ईमेल आईडी, यदि कोई हो :-

5. स्थायी आवास का पता :-

6. पद एवं जनपद न्यायालय का नाम, जहां से जिस पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, सेवानिवृत्त होने की तिथि सहित। :-

7. यदि आपके विरूद्ध कोई अभियोग, अथवा अन्य कोई गैर न्यायिक जांच लम्बित है, तो विवरण अंकित करें। :-

8. अन्य कोई विवरण :-

दिनांक

हस्ताक्षर, आवेदक कर्मचारी

Sanjay Singh-I
District Judge
Bulandshahr